
RNI No.: RAJBIL/2017/74400




# NOSEGAY™
## PUBLIC SCHOOL

● Year : 09 ● No : 04 ● November 2025 ● For Free Distribution ● Monthly

# नोज़गे में राज्य व राष्ट्रीय खिलाड़ियों के बीच रोचक मुकाबले

## » नोज़गे प्रीमियर लीग (एनपीएल) » टेबल टेनिस प्रतियोगिता

**श्रीगंगानगर।** नोज़गे पब्लिक स्कूल में टेबल टेनिस की नोज़गे प्रीमियर लीग (एनपीएल) का शुभारंभ गुरूवार 27 सितम्बर से हुआ। यह विशेष आयोजन माता नाम देवी की पावन स्मृति को समर्पित है तथा 29 नवम्बर तक चला। प्रतियोगिता को लेकर स्कूल परिसर में व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई। पूरे इनडोर स्टेडियम को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सजाया गया, ताकि प्रतिभागियों को सर्वोत्तम खेल वातावरण मिल सके।

स्कूल के वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक एवं साई कोच मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता के तहत तीनों दिन




रोचक मुकाबले हुए। एनपीएल में राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुके खिलाड़ियों के बीच मुकाबले हुए।

समापन समारोह में विजेता, उपविजेता तथा सभी श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। इस प्रतियोगिता में यूएसए से पधारे कुलवीर सिंह सहित नोज़गे पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉ. पी.एस. सूदन, डायरेक्टर जनरल श्रीमती सूरेन सूदन तथा प्राचार्य सहित अन्य अतिथियों ने पुरस्कार प्रदान किए तथा उनकी प्रतिभाओं की सराहना की।

# किंडरगार्टन : प्रतियोगिताओं ने जीता सबका दिल

**श्रीगंगानगर।** नोज़गे पब्लिक स्कूल में किंडरगार्टन के नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए आयोजित खेल प्रतियोगिताएं उत्साह उमंग और मासूमियत से भरपूर रहीं। विद्यालय में 18 से 21 नवम्बर तक चले चार दिवसीय इस कार्यक्रम में कक्षा प्रथम से लेकर कक्षा पांच तक के बच्चों ने भाग लिया। सुबह 11 बजे शुरू हुई। इन प्रतियोगिताओं ने पूरे परिसर में आनंद का वातावरण बना दिया। बच्चों की मासूम हंसी उनकी दौड़ती भागती टोलियां और खेल के प्रति उनका उत्साह देखने वालों के लिए किसी उत्सव से कम नहीं था।






100 मीटर दौड़, लेमन एंड स्पून रेस और रिले रेस जैसी रोचक प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अपनी प्रतिभा, ध्यान और संतुलन का अद्भुत प्रदर्शन किया। दौड़ में बच्चों की फुर्ती और तेजी को देखकर दर्शक तालियों से उनका उत्साह बढ़ाते रहे। लेमन एंड स्पून रेस में बच्चों के चेहरे पर दिख रही गंभीरता और स्पून संतुलित रखने का प्रयास दर्शकों के चेहरों पर मुस्कान ले आया। रिले रेस में टीम भावना का जो सुंदर प्रदर्शन बच्चों ने दिखाया, वह न सिर्फ प्रभावित करने वाला था, बल्कि विद्यालय की खेल संस्कृति को भी दर्शाता था।

इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों के चेहरों पर आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से झलक रहा था। कुछ बच्चे पहली बार मंच पर आकर भाग ले रहे थे। तब भी उनकी हिम्मत और उत्साह देखकर सभी अभिभावक और शिक्षक गर्व से भर उठे। प्रतियोगिताओं के दौरान किंडरगार्टन के शिक्षकों ने बच्चों को प्रोत्साहित किया और हर बच्चे को पूरे मनोयोग से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। खेल के मैदान में बच्चों के छोटे- छोटे कदमों ने यह साबित किया कि प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती। प्रतियोगिताओं के सफल समापन पर पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। नोज़गे पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर जनरल श्रीमती सुरेन सूदन, प्राचार्य निम्फिया सूदन रेड्डी, डायरेक्टर (सहशैक्षणिक गतिविधियां) श्रीमती विनीता मित्तल, डायरेक्टर श्रीमती ममता सेठी (किंडरगार्टन) तथा अन्य अतिथियों ने सभी विजेता बच्चों को मेडल और पुरस्कार प्रदान किए। पुरस्कार ग्रहण करते समय बच्चों के चेहरों पर जो चमक थी, उसने पूरे आयोजन को अविस्मरणीय बना दिया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने कहा कि नन्हे बच्चों के लिए ऐसी प्रतियोगिताएं उनके आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं और शारीरिक व मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

विद्यालय प्रबंधन ने इस अवसर पर शिक्षकों और अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नोज़गे पब्लिक स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध है और आगे भी इस प्रकार के आयोजन निरंतर जारी रहेंगे। खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों की सक्रिय भागीदारी और उत्साह ने यह साबित किया कि विद्यालय का यह प्रयास बेहद सफल रहा। नोज़गे पब्लिक स्कूल में आयोजित यह खेल महोत्सव नन्हे- मुन्ने बच्चों की चमकती प्रतिभा और खुशियों की अनोखी छटा को प्रस्तुत करता है, जिसे अभिभावक, शिक्षक और विद्यालय परिवार लंबे समय तक याद रखेंगे।

# नीट, जेईई व अन्य परीक्षाओं की तैयारी के लिए नोजगे में एन-सैट परीक्षा आयोजित

**श्रीगंगानगर।** जेईई, नीट जैसी अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए नोज़गे पब्लिक स्कूल में एन- सैट का आयोजन किया गया। इसमें सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों को आकर्षक स्कॉलरशिप के आधार पर प्रवेश मिलेगा। यह परीक्षा 16 नवम्बर को विद्यालय परिसर में निशुल्क आयोजित की गई। इस परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भी दिए गए। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के लिए विद्यालय में कॉम्पीटीटिव सैल स्थापित किया गया है। कॉम्पीटीटिव सैल प्रभारी श्रीमती अंजलि खुंगर ने बताया कि नोज़गे पब्लिक स्कूल में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष सैटअप तैयार किया गया है। जहां नीट, जेईई, क्लेट, सीयूईटी, एनडीए, यूपीएससी (प्री फाउण्डेशन) एवं आईपीएमएटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाएगी। इस तैयारी के लिए विद्यार्थियों का प्रवेश एन- सैट पेपर के आधार पर होगा। एन सैट का पहला चरण नवम्बर माह में हुआ। **इस तरह की परीक्षा दिसम्बर एवं जनवरी माह में भी आयोजित की जाएगी।** स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. पी. एस. सूदन का लक्ष्य श्रीगंगानगर में ही विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा दिलवाना है। इसी क्रम में विद्यालय में प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु फोकस क्लासेज सफलतापूर्वक संचालित हो रही हैं। इन कक्षाओं के अन्तर्गत विद्यार्थियों को विद्यालयी शिक्षा के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी करवाई जाती है ताकि विद्यार्थी अन्यत्र न जाकर अपने शहर में ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकें।

**नोजगे पब्लिक स्कूल की कॉम्पीटीटिव सैल में इन प्रमुख परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष व्यवस्था :**

1. NEET (National Eligibility cum Entrance Test)
2. JEE (Joint Entrance Examination)
3. CLAT (Common Law Admission Test)
4. NDA (National Defence Academy Exam)
5. JET (Joint Entrance Test)
6. ICAR (Indian Council of Agricultural Research Exam)
7. UPSC (Union Public Service Commission)
8. IELTS (International English Language Testing System)
9. IP-MAT (Integrated Program in Management Aptitude Test)

**अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :**

**एडमिशन सैल, नोजगे पब्लिक स्कूल, श्रीगंगानगर**

**मोबाइल नंबर - 9929365813, 8386838683, 9983255813,**


नोज़गे पब्लिक स्कूल में सफलतापूर्वक आयोजित फोकस क्लासेज के अन्तर्गत सत्र 2025-26 में कक्षा 7 से 12 तक के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाएगी। एन- सैट पेपर में चयनित अभ्यार्थियों को विद्यालय प्रवेश शुल्क से निशुल्क अर्थात मुक्त रखा जाएगा। चयनित विद्यार्थियों को उनकी रुचि अनुसार प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाएगी।

नोज़गे पब्लिक स्कूल ने कक्षा 7 से 10 तक के लिए विशेष 'सैक्शन-वी' शुरू किया है। इससे आगामी कक्षा 11- 12 के विद्यार्थियों के लिए फाउण्डेशन कोर्स शुरू किया गया है। प्रवेश योग्यता आधारित टेस्ट के जरिए विद्यार्थियों की रुचि और क्षमता की पहचान की जाती है। विशेषज्ञों द्वारा करियर एवं विषय चयन संबंधी काउंसलिंग की जाती है। इस व्यवस्था से बच्चे 10 वीं तक सही मार्गदर्शन पाते हैं और 12 वीं तक आते- आते उनका करियर की दिशा स्पष्ट हो जाती है।



# सीबीएसई ने माना : नोज़गे स्कूल शिक्षा व खेल में अग्रणी

**❍ सीबीएसई ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में किया उल्लेख ❍ शिक्षा और खेल में नोजगे पब्लिक स्कूल : देश का अग्रणी संस्थान ❍ सीबीएसई की वार्षिक रिपोर्ट में श्रीगंगानगर के नोजगे पब्लिक स्कूल को मिली सर्वोच्च मान्यता**




**केन्द्रीय** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में श्रीगंगानगर के नोजगे पब्लिक स्कूल को सबसे अग्रणी स्कूल माना है। बोर्ड की ओर से जारी सत्र 2024- 2025 की प्रगति रिपोर्ट में स्कूल को अव्वल बताने के साथ-साथ यह प्रगति रिपोर्ट अपनी वेबसाइट पर भी जारी की है। इस रिपोर्ट में खेल व शिक्षा के क्षेत्र में स्कूल को राजस्थान व देशभर के स्कूलों के औसत से अधिक सफलता प्राप्त करने वाला बताया गया है।

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने अपनी बहुप्रतीक्षित वार्षिक प्रगति रिपोर्ट (सत्र 2024-2025) में श्रीगंगानगर स्थित नोज़गे पब्लिक स्कूल को शैक्षणिक उत्कृष्टता और खेल प्रबंधन के मामले में देश के सबसे अग्रणी संस्थानों में से एक घोषित किया है। सीबीएसई ने इस महत्वपूर्ण प्रगति रिपोर्ट को अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर भी सार्वजनिक किया है, जिससे इसकी विश्वसनीयता और प्रभाव और बढ़ गया है।

### शैक्षणिक प्रदर्शन में अभूतपूर्व सफलता

सीबीएसई की प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, शैक्षणिक सत्र 2024-2025 में नोज़गे पब्लिक स्कूल के कुल 316 विद्यार्थियों ने कक्षा दसवीं की परीक्षा दी, जबकि कक्षा बारहवीं की परीक्षा में 292 विद्यार्थी शामिल हुए। स्कूल ने इन दोनों ही कक्षाओं में शत-प्रतिशत सफलता का शानदार रिकॉर्ड हासिल किया। इस रिपोर्ट का सबसे महत्वपूर्ण और चौंकाने वाला पहलू विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त कुल अंकों (मार्क्स स्कोर) का औसत है। सीबीएसई ने सभी विषयों में प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर देशभर के स्कूलों का विस्तृत औसत निकाला, जिसमें नोज़गे पब्लिक स्कूल सबसे अव्वल रहा।

### कक्षा बारहवीं में भी सर्वोच्चता कायम

कक्षा बारहवीं के परिणामों में भी नोज़गे पब्लिक स्कूल ने अपनी सर्वोच्चता कायम रखी। इस सत्र में देशभर के स्कूलों का कुल औसत स्कोर 69.14 प्रतिशत रहा और राजस्थान के स्कूलों का औसत 72.02 प्रतिशत रहा। इसके विपरीत, नोज़गे पब्लिक स्कूल का औसत स्कोर 78.50 प्रतिशत रहा। इस परिणाम के साथ, नोज़गे स्कूल ने राष्ट्रीय औसत से 14.22 प्रतिशत अधिक और राजस्थान के औसत से 11.70 प्रतिशत अधिक अंक प्राप्त किए। दसवीं और बारहवीं दोनों कक्षाओं में 14 प्रतिशत से अधिक के अंतर से राष्ट्रीय औसत को पछाड़ना, स्कूल की शैक्षिक नींव की मजबूती और शिक्षण की प्रभावशीलता को प्रमाणित करता है।

## सफलता का रहस्य : गुणवत्तापूर्ण प्रबंधन

देशभर में अव्वल रहने पर नोजगे स्कूल में जश्न का माहौल है। नोजगे पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉ. पी.एस. सूदन का मानना है कि यह सफलता किसी संयोग का परिणाम नहीं, बल्कि सुनियोजित और उच्च गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक प्रबंधन का नतीजा है। उन्होंने बताया कि स्कूल में प्रत्येक विषय के लिए उच्च शिक्षा प्राप्त और अनुभवी शिक्षण स्टाफ की नियुक्ति की गई है। विद्यार्थियों के ज्ञान और प्रगति का आकलन करने के लिए वीकली टेस्ट आयोजित किए जाते हैं। इन टेस्ट पेपरों के सटीक और त्वरित मूल्यांकन के लिए स्कूल में एक अलग से एग्जामिनेशन सेल स्थापित की गई है। इस सेल द्वारा मूल्यांकन के बाद, स्टाफ और विद्यार्थियों में जिस भी स्तर पर या विषय में कमी पाई जाती है, उसे तुरंत दूर करने के लिए विशेष उपाय किए जाते हैं। शिक्षण स्टाफ की तैयारी और निरंतर उन्नति सुनिश्चित करने के लिए, स्टाफ रूम में शिक्षकों के लिए अलग-अलग अध्ययन कक्ष बनाए गए हैं।

### खेल में भी राजस्थान और देशभर के स्कूलों से कई गुण आगे

नोज़गे पब्लिक स्कूल की उत्कृष्टता केवल शिक्षा तक ही सीमित नहीं है, बल्कि खेल के क्षेत्र में भी इसने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी धाक जमाई है। सीबीएसई ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में इस बात को विशेष रूप से दर्शाया है कि यह स्कूल खेल के मैदान में भी राजस्थान और देशभर के स्कूलों से कई गुना आगे है। सीबीएसई की रिपोर्ट में खेल भागीदारी के आंकड़े अत्यधिक प्रभावशाली हैं। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के स्कूलों में प्रति स्कूल औसतन 47 विद्यार्थियों ने स्पोर्ट्स एवं गेम्स में भाग लिया, जबकि राजस्थान से यह औसत 46 विद्यार्थियों का रहा। इसके विपरीत, नोज़गे पब्लिक स्कूल के 193 विद्यार्थियों ने स्पोर्ट्स एवं गेम्स में सक्रिय रूप से भाग लेकर एक नया इतिहास कायम किया।

## खेल सुविधाएं और राष्ट्रीय पहचान

नोज़गे पब्लिक स्कूल को खेल के क्षेत्र में अग्रणी बनाने में इसकी विश्वस्तरीय सुविधाओं का भी बड़ा योगदान है। यह स्कूल राजस्थान का पहला संस्थान है, जहां अंतरराष्ट्रीय मानकों वाला इंडोर स्टेडियम और आउटडोर स्टेडियम उपलब्ध है। इन उत्कृष्ट सुविधाओं के कारण, स्कूल को सीबीएसई की नेशनल लेवल की प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन करने का अवसर भी मिला है। स्कूल की खेल उत्कृष्टता को राष्ट्रीय स्तर पर भी मान्यता प्राप्त है। नोज़गे पब्लिक स्कूल, भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) का एक आधिकारिक खेल केंद्र है और यह प्रतिष्ठित खेलो इंडिया पहल से भी जुड़ा हुआ है। स्कूल में भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा नियुक्त प्रशिक्षित खेल स्टाफ मौजूद है, जो विद्यार्थियों को वैज्ञानिक और उच्च-स्तरीय खेल प्रशिक्षण प्रदान करता है।

## कक्षा दसवीं में राष्ट्रीय रिकॉर्ड

कक्षा दसवीं के परिणाम में, देशभर के स्कूलों का कुल औसत स्कोर 68.16 प्रतिशत रहा, जबकि राजस्थान राज्य के स्कूलों का औसत 71.12 प्रतिशत दर्ज किया गया। इन दोनों ही मानकों की तुलना में, नोज़गे पब्लिक स्कूल का औसत स्कोर 79.11. प्रतिशत रहा। यह औसत नोज़गे पब्लिक स्कूल को राष्ट्रीय औसत से पूरे 14.89 प्रतिशत अंक आगे रखता है, जो एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। वहीं, स्कूल ने राजस्थान के औसत से भी 10.19 प्रतिशत अधिक अंक हासिल किए।

# History of Ancient India – The Journey Through Time

The Annual Presentation of Grade 7 'G' was conducted on the topic "History of Ancient India – The Journey Through Time." The programme began with a warm Welcome Address by Manan Mangal and Manasvi Choudhary, followed by a heartfelt prayer by Manasvi and an inspiring Thought of the Day delivered by Teesta and anchored by Lavanya.




A graceful Classical Dance by Payal, Disha, Shraddha, Livia, Mahapreet, Khushi Sidana, and Manasvi Choudhary added charm and energy to the morning. The Group Discussion, anchored by Mahika and Manas, reflected the students' understanding of India's rich culture and glorious history. The highlight of the assembly was the time-travel skit, anchored by Kanishka and narrated by Livia and Mansvi Choudhary. The skit beautifully depicted Aarav and his friends' journey through different eras. A melodious Hindi Song, anchored by Shraddha and Kritika and sung by Mahir and Manan Mangal, filled the hall with patriotic emotion. The soulful English Song, anchored by Disha and sung beautifully by Teesta, received a huge appreciation from the audience. A touching Hindi Poem, anchored by Manan Katiya and recited by Lakshya Agarwal and Manas, impressed everyone with its powerful message. An expressive English Poem, anchored by Shraddha and recited by Kanishka, Mahika, and Kritika, captivated the audience with its eloquence. In the Instrumental Performance, Madhav Goyal anchored while Mahir played the tune melodiously, earning great applause. The event completed with an energetic Group Dance, confidently anchored by Madhav Bansal, which brought enthusiasm and joy to the audience.

# Protecting the Lungs of the Earth- Presentation on 'Our Forests'

The Annual Presentation on the topic- "Our Forests" was held on May 6, 2025 (Tuesday) under the guidance of Mrs. Sukhveer Kaur Gill. It began with a prayer by the students of class 5P, followed by a welcome speech by Ashmeet, Bisman and Chhavi. The thought of the day was shared to inspire everyone. This was followed by an English poem, Skit and a lively Group Discussion on Our Forests. A graceful




Kathak performance added elegance to the event. An instrumental performance by Deepansh and an English song by Chhavi, Bisman and Ashmeet delighted the audience. The program concluded with a vibrant group dance, which was greatly appreciated by everyone. The audience applauded enthusiastically and cheered for the performers throughout the show. The School Principal praised the students for their confident performances and teamwork. It was truly a superhit presentation by class 5P, leaving a joyful and lasting impression on all.

# Indian Democracy

The annual presentation of class 7 'V' was held, shedding light on the topic 'Indian Democracy'. The presentation commenced with a short prayer by Inaya Goyal and Kavya Jindal. This was followed by the delivery of the Thought of the Day by Daksh Choudhary. After this, the students performed a skit on the importance of





voting, helping to enhance knowledge about the importance of voting in Indian democracy.

A group classical dance was performed by Nikita Swami, Mugdh Manasvini Sharma, Mishti Gupta, Gurbani Kaur, Era Samit Enamdar, Kavya Jindal, Inaya Goyal, Agamjeet Kaur Mangat and Ishita Arora. These were followed by a beautiful instrumental performance by Rishit Juneja and Mansift Singh Rolla, and a Hindi song by Nikita Swami and Mugdh Manasvini Sharma. Then an English song was presented by Agamjeet Kaur Mangat, Amaira Wadhwa and Giaana Bhatia. All this was done under the guidance of the class teacher Ms. Kamalpreet Kaur.

# A GLOBAL CONCERN – Climate Change

The annual Presentation of clas 7 N began with a warm welcome and a brief introduction by the students, highlighting the urgent global concern of climate change and the need for collective action to protect our planet. The assembly continued with an engaging group discussion where students elaborated on the nat-




ural and human-induced changes shaping our planet.

This was followed by an enlightening skit titled "Our Changing Earth", beautifully depicting Earth's journey — from its fiery beginning to the modern age — and highlighting the transformation brought about by both nature and humans.

Adding melody to the morning, students presented a serene instrumental performance, followed by a vibrant group dance that symbolized harmony between humans and nature.

The success of the assembly was credited to the relentless efforts and guidance of Class teacher- Ms. Alisha Utreja.

## बाल साहित्य

### प्रकृति की गोद

हवा में बहती खुशबू
प्यारी, हरियाली से
भरी फुलवारी,
नदी की लहरें गा
रही गाना, पर्वत ने
पहना बर्फीला बाना।

सूरज की किरणें
सोना बरसाएं, पंछी
आकाश में पंख
फैलाएं,
धरती मां का प्यार
अनोखा, पेड़ -पौधे
इसकी हैं शोभा।

**लेखक -हिमांक**
**कक्षा-7**

### पिता जैसा कोई नहीं

इक ने पाला, इक ने संभाला, मैं दो घरों की शान हूँ।
अपने बाबुल की धड़कन हूँ, अपने ससुर की आन हूँ।

कैसे इनका शुकराना करूं, कैसे मैं कर्ज उतारूंगी,
कोशिश करूंगी मैं इतनी, घर इन जैसे संवारूंगी ।

उनकी बनाई क्यारी में, खुशियों के फूल सजाऊंगी।
वादा करती हूं मैं पापा जी, आपकी पगड़ी न झुकाऊंगी।

**- आराध्या राज**
**कक्षा-7**

### किताबों की दुनिया

एक दिन किताबों से हुई मुलाकात, वो बोली आओ हमारे साथ,
कहानी, कविता और ज्ञान के पन्ने, सभी लेकर बताते हैं अनोखे सपने।
हर पन्ने पर बसी थी एक दुनिया, जहाँ न कोई सीमा, न कोई बंधन,
विचारों की उड़ान से होती मुलाकात, हर शब्द में छिपा था एक अनजाना राज़।

**लेखिका -दृष्टि, कक्षा-7**

### मेरा विद्यालय

विद्यालय हमारा मंदिर है, अध्यापक हैं भगवान।
सभी पुस्तकों कॉपियों में, मिलता हमको ज्ञान।
बनें हम काबिल, बनें सफल इंसान।
छोटों को दें प्यार, बड़ों का करें सम्मान।

**लेखक- गौरव कड़वासरा**
**कक्षा-6**

### संघर्ष

वो आकाश क्या जिसमें तारे न हों, वो सागर क्या
जिसमें गहराई न हों,
वो पथ क्या जो पथरीले न हों, वो जीवन क्या जिसमें
संघर्ष न हो,
वो सूरज क्या जिसमें तपन न हो, वो चाँद क्या जिसमें
शीतलता न हो,वो बरसात क्या जिसमें बिजली न हो।

**लेखिका- प्रिया**
**कक्षा-8**

# जैन कॉलेज के अद्वितीय आगाज़ में गूंजी नोज़गे की आवाज

**श्रीगंगानगर।** श्री आत्मवल्लभ जैन कन्या महाविद्यालय में आयोजित वार्षिक कार्यक्रम अद्वितीय आगाज़ 2025 विभिन्न रचनात्मक, सांस्कृतिक एवं बौद्धिक प्रतियोगिताओं से भरपूर रहा। इस कार्यक्रम में नोजगे पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अनेक श्रेणियों में विजय हासिल की और विद्यालय का नाम गर्व से ऊंचा किया। विद्यार्थियों की प्रतिभा, परिश्रम और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रभाव पूरे आयोजन में स्पष्ट दिखाई दिया।

क्विज में नोजगे पब्लिक स्कूल के राघव बंसल ने प्रथम स्थान तथा जयवर्धन सिंह ने द्वितीय स्थान तथा हार्दिक जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मॉडल प्रदर्शनी में नोजगे की आराध्या राज और आसमा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

सोलो सिंगिंग प्रतियोगिता में समृद्धि वधवा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रतियोगिता की अन्य श्रेणी में यशिता और वर्तिका सिंगाठिया ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राजस्थानी लोकगीत प्रतियोगिता में नोजगे की छात्रा दिक्षा वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नृत्य प्रतियोगिताओं में भी नोजगे के विद्यार्थियों ने अपनी कला का लोहा मनवाया। नृत्य प्रतियोगिता में तविशी अग्रवाल द्वितीय स्थान पर रही। सीनियर ग्रुप की पेंटिंग प्रतियोगिता में आदित्य निमिवाल ने प्रथम तथा मेहंदी प्रतियोगिता में पायल ने प्रथम तथा कृति ने तृतीय स्थान हासिल किया। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में अनुभव अरोड़ा ने प्रथम तथा कीशा ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। पिच द परफेक्ट एड मेनिया प्रतियोगिता में नोजगे पब्लिक स्कूल की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस टीम में धनी तिवारी, खुशाल और राघव धवन शामिल थे। समूह नृत्य प्रतियोगिता में नोजगे पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम में निर्वी जैन, प्रिया, आराध्या राज, आद्या, अगमजीत कौर, निकिता स्वामी, मिष्ठी गुप्ता और लाविनूर शामिल थीं। उनके मनमोहक तालमेल और ऊर्जावान प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्री आत्मवल्लभ जैन कन्या महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव नरेश जैन सहित अन्य पदाधिकारियों ने नोज़गे की प्रतिभाओं की सराहना की। विजेताओं के स्कूल परिसर में पहुंचने पर स्कूल प्रबंधन की ओर से भी इन विद्यार्थियों को बधाई दी गई।

# उच्च शिक्षण संस्थानों की तर्ज पर नोज़गे में क्लब स्थापित



## विद्यार्थी अपनी रुचि अनुसार करते हैं सहशैक्षणिक गतिविधियां

**श्रीगंगानगर।** नोजगे पब्लिक स्कूल एक बार फिर अपने नवाचार और छात्र-केंद्रित शिक्षा मॉडल के चलते चर्चा में है। स्कूल ने उच्च शिक्षण संस्थानों के स्तर पर आधारित दस विशेष क्लबों की स्थापना की है, जो विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। शिक्षण के साथ-साथ रुचि आधारित गतिविधियों को समान महत्व देते हुए नोजगे पब्लिक स्कूल ने इन क्लबों को एक स्वतंत्र सहशैक्षणिक मंच के रूप में विकसित किया है—जहां विद्यार्थी सीखते भी हैं और अपने हुनर को निखारते भी हैं।

### क्लब सदस्यता, सुविधाएं और मार्गदर्शन

डायरेक्टर (सहशैक्षणिक गतिविधियां) श्रीमती विनिता मित्तल के अनुसार, इन क्लबों की सदस्यता निशुल्क है और प्रत्येक क्लब में प्रशिक्षित एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाता है। हर क्लब के लिए विशेष कक्ष भी बनाए गए हैं, जिनमें विद्यार्थी नियमित सत्रों के दौरान अपने कौशल का अभ्यास करते हैं तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं, प्रदर्शनों और प्रोजेक्ट्स में हिस्सा लेते हैं। प्रत्येक शनिवार को प्रत्येक क्लब की गतिविधियां आयोजित की जाती है। सभी क्लब की गतिविधियों के लिए अलग- अलग कक्ष बनाए हुए हैं। जहां विद्यार्थी अधिक हैं, वहां एक ही क्लब के दो पार्ट करके गतिविधियां आयोजित होती हैं। प्रत्येक क्लब में क्लब मैंटर्स नियुक्त हुए हैं।

### 1. आर्ट क्लब : 284 विद्यार्थी

चित्रकला, पेंटिंग, स्केचिंग, क्ले मॉडलिंग सहित अन्य कलात्मक विधाएं यहां सिखाई जाती हैं। यह उन विद्यार्थियों के लिए है जिन्हें रंगों और आकृतियों के माध्यम से अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त करना पसंद है। क्लब द्वारा समय-समय पर आर्ट एग्ज़ीबिशन भी आयोजित की जाती हैं, जहां बच्चे अपनी कृतियों को प्रदर्शित करते हैं और विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं।

### 2. म्यूजिक क्लब : 170 विद्यार्थी

संगीत में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए यह क्लब एक आदर्श मंच है। यहां वोकल और इंस्ट्रुमेंटल दोनों विधाओं की ट्रेनिंग दी जाती है। हार्मोनियम, तबला, गिटार, और कीबोर्ड जैसे वाद्ययंत्रों का अभ्यास कराया जाता है। इसके अलावा, विद्यार्थियों को लोकगीत, भजन, और आधुनिक संगीत की जानकारी भी दी जाती है। वार्षिक उत्सवों में क्लब के सदस्य अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं।






### 3. डांस क्लब : 158 विद्यार्थी

भारतीय और पाश्चात्य दोनों प्रकार की नृत्य कला को सीखने एवं प्रस्तुत करने का अवसर यहां उपलब्ध है। कथक, भरतनाट्यम, फोक डांस से लेकर हिप-हॉप, कंटेम्परेरी और फ्यूजन जैसे आधुनिक नृत्य रूपों का अभ्यास कराया जाता है। क्लब की विशेषता है कि हर प्रस्तुतिकरण विद्यार्थियों द्वारा स्वयं कोरियोग्राफ किया जाता है।

### 4. थिएटर क्लब : 87 विद्यार्थी

अभिनय, संवाद अदायगी, मंच संचालन, और स्क्रिप्ट राइटिंग जैसे थिएटर के सभी पहलुओं को सीखने के लिए यह क्लब स्थापित किया गया है। यहां नाटकों, नाटक प्रतियोगिताओं और नाटकीय प्रस्तुतियों का आयोजन होता है।

### 5. पार्ले डिबेट क्लब : 50 विद्यार्थी

यह क्लब उन विद्यार्थियों के लिए है जिन्हें वाद-विवाद, भाषण और तर्कशक्ति में रुचि है। विभिन्न राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है।

### 6. लिटरेरी एंड पॉडकास्ट क्लब : 18 विद्यार्थी

साहित्यिक प्रतिभा और मीडिया कौशल को उभारने का माध्यम है यह क्लब। कहानी लेखन, कविता लेखन, मंच संचालन, समाचार लेखन से लेकर पॉडकास्ट रिकॉर्डिंग और प्रसारण की प्रशिक्षण दी जाती है।

### 7. साइंस क्लब : 188 विद्यार्थी

जिज्ञासा और प्रयोगशीलता इस क्लब की मूल भावना है। रोबोटिक्स, मॉडल निर्माण, शोध आधारित प्रोजेक्ट्स और विजिट्स के ज़रिए विद्यार्थी विज्ञान की व्यावहारिक दुनिया से परिचित होते हैं।

### 8. बिजनेस क्लब : 306 विद्यार्थी

व्यवसाय, अर्थशास्त्र और उद्यमिता में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए यह क्लब अत्यंत उपयोगी है। स्टॉक मार्केट, बिजनेस प्लान निर्माण, वर्चुअल ट्रेड, सेल्फ-स्टार्ट-अप जैसी गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थी वित्तीय शिक्षा और उद्यम कौशल सीखते हैं।

### 9. आईटी क्लब : 76 विद्यार्थी

सूचना प्रौद्योगिकी की शिक्षा और नवाचार की दिशा में स्थापित यह क्लब कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग, ऐप डेवलपमेंट, वेब डिजाइनिंग, ग्राफिक डिजाइनिंग और साइबर सुरक्षा जैसी आधुनिक तकनीकों पर कार्य करता है। विद्यार्थी यहां वैज्ञानिक सोच और कोडिंग कौशल सीखकर भविष्य के डिजिटल समाधानों पर कार्य करते हैं।

### 10. फिलानट्रॉफी एंड इको क्लब : 27 विद्यार्थी

यह क्लब पर्यावरण संरक्षण और समाज सेवा पर केंद्रित है। प्लास्टिक मुक्त अभियान, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, गरीबों की सहायता जैसी गतिविधियां यहां आयोजित की जाती हैं। नोजगे पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉ. पी.एस. सूदन का कहना है, शिक्षा सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं होनी चाहिए। सृजनात्मकता, आत्मविश्वास और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे गुण क्लब गतिविधियों से ही विकसित होते हैं। इन क्लबों से छात्रों को वास्तविक जीवन कौशल प्राप्त होते हैं, जो भविष्य में उनके व्यक्तित्व और करियर का निर्माण करते हैं।

# A single thought has the power to inspire change




The Annual Presentation of class 'IX-R' was held in the Nosegay Auditorium on the thought - provoking theme, "A single thought has the power to inspire change." And the thought that morning was dedicated to something that touches every life — Our Climate." The morning began with a warm and eloquent welcome by, Neloy Behl and Navit, whose words set a tone of anticipation and reflection. The cultural segment added colour and rhythm to the morning — with graceful dance performances, soulful music, and a lively group act. The morning concluded with a reflective address by Navya Jindal and Neloy Behl, who beautifully encapsulated the essence of environmental stewardship — that it thrives not merely through policy, but through personal commitment, scientific awareness, and collective responsibility. The initiative stood as a harmonious blend of science, advocacy, and expression. It mirrored the innovative spirit and dedication of the Climate Action Group under the thoughtful mentorship of Ms. Archana.

# Respect Your Elders and Love Younger Ones




The Annual Presentation of class 3W was held on the topic 'Respect Your Elders and Love Younger Ones'. The event began with a morning prayer by Yuvin Jakhar and his classmates, followed by a thought-provoking message by Yashwin Kaur and Kabir Singh Sidhu. Utkarsh delivered the welcome speech. The group discussion on the theme was insightful, with students sharing their perspectives. Poetry recitations followed, with Jeevarth presenting an English poem, Anhad Saluja, Viansh, and Virushka reciting a Hindi poem. A skit by a few students effectively conveyed the message. Kabir Singh Sidhu and Charvi Mahar presented a melodious English song, and Yojeet persented a Hindi song. Class Teacher Ms. Meenakshi Sharma supervised the entire presentation, ensuring a memorable and impactful annual presentation.

# Annual Presentation on Mr. Ajay Banga




The Annual Presentation of class 11 'P' was conducted on the topic "Mr. Ajay Banga." It commenced with a short prayer invoking divine blessings, followed by the Thought of the Day.

The event began with an English skit depicting the life journey of Ajay Banga and how he achieved his present position, followed by an English poem. An inspirational poem, written by Ahanvi of class 11 'P', was also recited. After that, there was an instrumental performance of Sachet and Soumya. Then the auditorium was filled with energy by a group dance performance on women empowerment. Dr. Papinder Singh Suden appreciated the efforts of the students and congratulated the class teacher Mr. Deepsh Mangal for the successful organisation of the annual presentation.

# State Government–The Backbone of Democracy




The Annual Presentation of Class 7 'S' was conducted on 30 July, 2025 on the topic "State Government – The Backbone of Democracy." It was followed by a skit that vividly portrayed the working of the State Government. Students confidently enacted the roles of the Governor, Chief Minister, Ministers, and Citizens, showing how various departments work together for the welfare of the people. After the skit, the audience was treated to a thoughtful poem recitation, where students expressed how good governance leads to equality, progress, and peace in society. To conclude the program, the students presented a vibrant and energetic group dance on the song "Deep Shiksha." The performance beautifully symbolized the light of education and awareness that brightens every corner of the society. The Annual Presentation of Class 7 'S' was both enlightening and entertaining, leaving the audience inspired by the message of unity, responsibility, and the vital role of the State Government in our lives.

# Students Showcase knowledge of Panchayati Raj




The Annual Presentation of class 6 P was held on the topic " Panchayati Raj". The short prayer was spoken by Khyati Sood and Chirag Kumawat and the thought of the day by Dhurvani Gandhi. In the group discussion, students talked on the topic "Panchayati Raj". The skit was based on the working of Gram Panchayat . The skit was narrated by Chirag. An English poem was recited by Khyati Sood. Hindi Group song (Mere Desh ki Dharti Sona Ugale) was sung by Dhanya Bhatia, Divyanshi and Aahana Sharma. An instrumental performance was given by Cheshta. A Hindi poem (Dekho aaya Panchayati Raj mere gaon me) was recited by Dhanya Bhatia. An English song was sung by Daksh Sharma. A beautiful classical group dance was presented by Dhurvani Gandhi, Lavnya, Aahana Sharma, Drishti Sharma, Dishita Sharma,Chitrakshi Aggarwal. Class Teacher Ms Sanju Aggarwal was appreciated for the efforts.

# Seminar on Emotional Intelligence



Sriganganagar. In a significant step towards holistic student development, a comprehensive seminar on Emotional Intelligence (EI) was successfully conducted for over 900 senior students of Grades 10, 11, and 12 at Nosegay Public School. The session, led by renowned Emotional Intelligence Coach Surabhi Pannu, marked a pivotal initiative to equip the next generation with essential life skills beyond academic excellence.The seminar fostered an environment of active participation, where students engaged in dynamic discussions and practical activities designed to demystify the core concepts of Emotional Intelligence. The session moved beyond theory, providing students with tangible tools to navigate the complexities of adolescence and prepare for future challenges.

# Dressing Sense




The Annual Presentation of class 4N was held on the topic "Dressing Sense". The welcome speech was given by Aman Singh and Asmi Kaur. The Short Prayer was spoken by Aarohi , thought of the day was presented by Aaliya and Angelina. In the group discussion, students talked about "Dressing Sense".The skit was narrated by Ayaan Hans. English and Hindi poems were recited by the whole class. A Hindi Group song (Apne liye jiye to kya jiye) was sung by Aarushi, Aahina and Devika. An English song was presented by Aarohi and Aman. A beautiful classical group dance was presented by some girls. An instrumental performance was given by Anav Bilandi. A group dance was performed by boys and girls on an English song. Class Teacher - Ms. Minakshi Verma was thanked for her class presentation.

# India Between 10th and 16th Century




Class VII-R presented an engaging assembly on "India Between 10th and 16th Century," highlighting India's rich historical and cultural heritage. The programme began with a warm welcome, morning prayer, and thought for the day, followed by a group discussion on the Bhakti and Sufi movements, architectural achievements, and the reigns of great rulers.

A lively skit brought to life the key moments from the medieval era — the conquests of Mahmud of Ghazni, the reforms of Alauddin Khilji and Muhammad bin Tughlaq, and the courage of Maharana Pratap. Melodious songs, a graceful classical dance, and a powerful poem added depth and emotion to the presentation.

The event concluded with a vibrant dance performance, leaving the audience inspired.




# Water, Earth, and Air Pollution

The Annual Presentation of Class 5-S was held on 25 April, 2025 on the topic "Water, Earth, and Air Pollution." The show started with a welcome speech by Hitisha, Gracy, and Jaaysha. The short prayer was spoken by Gracy and Jayawika, and the thought of the day was shared by Janesh. The skit was based on how pollution affects our planet and how small steps can help protect nature. The skit was narrated by Chirag. An English poem on pollution was recited by the whole class. A Hindi group song was melodiously sung by Chahat, Harshvardhan, Jayant Aggarwal, Gurleen and Hitanshi. An English song on saving the environment was sung by Jayawika, Jayant Aggarwal, Harwin, Janesh and Jaaysha. A classical group dance celebrating the beauty of nature was gracefully performed by Aaruhi, Heenal, Hargun, Gurnoor, Hitisha, Hitanshi, Hitakshi and Jashreet. The class teacher of Class 5-S Ms. Kamaljeet Kaur was thanked for her supervision.

# नोज़गे पब्लिक स्कूल में हैलोविन डे की धूम, भूत-चुड़ैलों से सजी महफिल, बच्चों ने जमकर किया मनोरंजन







**श्रीगंगानगर।** नोज़गे पब्लिक स्कूल के प्रांगण में सोमवार को हैलोविन डे उत्साह और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। इस विशेष आयोजन में किंडरगार्टन के बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और कल्पनाशीलता का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों ने भूत-प्रेत, चुड़ैल, पिशाच और अन्य डरावने किरदारों की वेशभूषा पहनकर इस कार्यक्रम में भाग लिया, जिससे पूरा माहौल रोमांच से भर गया।

स्कूल की डायरेक्टर केजी श्रीमती ममता सेठी ने जानकारी देते हुए बताया कि हैलोविन कार्यक्रम के तहत 30 अक्टूबर को नर्सरी से कक्षा 2 तक के बच्चों के लिए कक्षा स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। इन प्रतियोगिताओं में बच्चों ने हैलोविन थीम पर आधारित विभिन्न वेशभूषा और कक्षा सजावट में हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को 1 नवंबर को आयोजित मुख्य कार्यक्रम में शामिल किया गया, जहां उन्हें विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

मुख्य कार्यक्रम में हैलोविन कॉस्टयूम कॉन्टेस्ट और थीम क्लास डेकोरेशन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। बच्चों ने अपनी वेशभूषा से सभी का ध्यान आकर्षित किया। कोई चुड़ैल बना था, तो कोई खौफनाक भूत। कुछ बच्चों ने लोकप्रिय कार्टून और फिल्म कैरेक्टर की डरावनी रूपरेखा भी प्रस्तुत की। इस दौरान बच्चों की मासूमियत और उनकी रचनात्मकता ने सभी उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। स्कूल परिसर में विशेष रूप से विभिन्न गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिनमें गेमिंग ट्रक, कैंडी बनाने की गतिविधि, और डरावने कोने (स्पूकी कॉर्नर्स) प्रमुख रहे। इन सबका उद्देश्य बच्चों को मनोरंजन के साथ-साथ एक नई सांस्कृतिक परंपरा से जोड़ना था। इन गतिविधियों में बच्चों ने पूर्ण उत्साह के साथ भाग लिया और खूब आनंद उठाया।

कार्यक्रम के दौरान स्कूल को पूर्ण रूप से हैलोविन थीम पर सजाया गया। काली और नारंगी रंग की सजावट, कद्दू (पंपकिन) फिगर्स, नकली मकड़ी के जाले और डरावने प्रकाश प्रभावों ने स्कूल की सजावट को अलग ही रंग दे दिया। इस अवसर पर बच्चों के परिवार भी स्कूल में उपस्थित रहे और उन्होंने भी बच्चों के इस उत्साह में भागीदारी निभाई। स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉ. पीएस सूदन, डायरेक्टर जनरल श्रीमती सूरेन सूदन और डायरेक्टर केजी श्रीमती ममता सेठी ने बच्चों का हौसला बढ़ाया और उन्हें पुरस्कृत किया। डॉ. सूदन ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और उनके व्यक्तित्व को निखारते हैं। डायरेक्टर जनरल श्रीमती सुरेन सूदन ने कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा, हैलोविन डे का आयोजन केवल मनोरंजन का माध्यम ही नहीं, बल्कि बच्चों में अंधविश्वास, डर और भ्रांतियों को दूर करने का एक प्रयास है। विदेशों में यह कार्यक्रम लगभग सभी स्कूलों में बड़े स्तर पर आयोजित होता है। इससे बच्चों को वैज्ञानिक सोच विकसित करने में मदद मिलती है और वे निडर व साहसी बनते हैं। अन्यथा, बच्चे भूतों की कहानियों से डरकर पढ़ाई की तरफ ध्यान नहीं दे पाते। इसीलिए इस तरह के आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं।

नोज़गे पब्लिक स्कूल में हैलोविन उत्सव न केवल बच्चों के लिए मनोरंजन का अवसर था, बल्कि यह एक सांस्कृतिक सीख भी प्रदान करने वाला कार्यक्रम साबित हुआ। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों की इस पहल ने एक बार फिर साबित कर दिया कि नोज़गे पब्लिक स्कूल पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ भावनात्मक और सांस्कृतिक विकास पर भी समान रूप से ध्यान देता है।

## इन बच्चों का रहा शानदार प्रदर्शन

नोज़गे पब्लिक स्कूल में आयोजित हैलोवीन कॉस्टयूम कॉन्टेस्ट 2025- 26 में यूकेजी वर्ग के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनाया और अमायरा ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान मुदित और ओनिका ने हासिल किया, जबकि तृतीय स्थान दाविका कटारिया और अंधुम कुक्कर को मिला।

## सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थी

भुविन बंसल, आयांश मिड्ढा, नवराज सहारण, नैशा, कृतमन कौर बोरा, मोधिरा चौधरी, शिवालिक मुद्गल, अहान बब्बर, रिदित कटारिया, सिद्धिक्षा ग्रोवर ने भी शानदार प्रस्तुति दी और सभी का ध्यान आकर्षित किया। रंग-बिरंगी वेशभूषाओं, रचनात्मक थीम और बच्चों के उत्साह ने पूरे कार्यक्रम को बेहद मनोरंजक और यादगार बना दिया।

# राज्य स्तरीय हैण्डबॉल प्रतियोगिता में नोज़गे पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन

**श्रीगंगानगर।** खेल क्षेत्र में नोज़गे पब्लिक स्कूल का दबदबा एक बार फिर साबित हुआ है। करौली में आयोजित 42 वीं राज्य स्तरीय जूनियर हैण्डबॉल प्रतियोगिता में नोज़गे की छात्राओं ने अपनी उत्कृष्टता का प्रदर्शन करते हुए सभी को प्रभावित किया। नोज़गे पब्लिक स्कूल की कक्षा 11 की छात्रा ज्योति और कक्षा 9 की छात्रा चेतना ने इस प्रतियोगिता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उनकी टीम को उपविजेता (रनरअप) का खिताब दिलाया।



प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते हुए नोज़गे पब्लिक स्कूल के वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक हरदीप सिंह बराड़ एवं टीम कोच इन्द्राज ने बताया कि श्रीगंगानगर की टीम ने अपने लीग मैच में हनुमानगढ़ को पराजित कर सुपर-4 में प्रवेश किया। इसके बाद सुपर -4 मुकाबले में टीम ने जयपुर की आरएसएस एकेडमी को शानदार खेल दिखाते हुए हराया और फाइनल में पहुंचने का गौरव हासिल किया। हालांकि, फाइनल मुकाबले में टीम को जीत नहीं मिल सकी, मगर उपविजेता बनकर भी खिलाड़ियों ने जिले व विद्यालय का मान बढ़ाया। ज्योति का प्रदर्शन इस प्रतियोगिता में विशेष रूप से सराहनीय रहा। ज्योति ने पहले भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर अपने कौशल को सिद्ध किया है। ज्योति ने इससे पहले स्कूल नेशनल हैण्डबॉल प्रतियोगिता में रजत पदक और ओपन नेशनल में कांस्य पदक हासिल कर चैंपियन खिलाड़ी के रूप में पहचान बनाई थी। वहीं, चेतना ने भी अपनी फुर्ती, मजबूत खेल भावना और खेल के प्रति प्रतिबद्धता से सभी को प्रभावित किया। खेलों में नोज़गे पब्लिक स्कूल का हमेशा से ही विशेष स्थान रहा है। विद्यालय की व्यवस्थाओं, कोचिंग और खेल के प्रति समर्पण ने कई उभरते हुए खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाया है। अनुभवी शिक्षक और प्रशिक्षक इस सफलता के पीछे प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। विद्यालय सतत रूप से विद्यार्थियों को खेल के लिए प्रोत्साहित करता है और उन्हें बेहतर प्रशिक्षण प्रदान करता है, जिससे वे राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में विद्यालय का नाम रोशन कर सकें।

प्रतियोगिता से लौटने पर विद्यालय प्रबंधन और छात्र-छात्राओं ने ज्योति और चेतना का भव्य स्वागत किया। विद्यालय की प्रिंसिपल ने इन दोनों छात्राओं एवं टीम कोच इंद्राज को उनकी मेहनत और लगन के लिए बधाई दी तथा सभी छात्रों को खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बल्कि मानसिक विकास और टीम भावना को बढ़ावा देने के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस उपलब्धि के साथ नोज़गे पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि शिक्षा के साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करना उनकी प्राथमिकता है। विद्यालय की ओर से भविष्य में भी खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया है, ताकि वे राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर और भी बेहतर प्रदर्शन कर सकें।









# सीबीएसई वेस्ट ज़ोन एयर राइफल शूटिंग चैंपियनशिप में नोज़गे पब्लिक स्कूल का दबदबा, गोल्ड और सिल्वर मेडल जीते

**श्रीगंगानगर।** नोज़गे पब्लिक स्कूल के शूटरों ने सीबीएसई वेस्ट ज़ोन एयर राइफल शूटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर स्कूल और जिले को गौरवान्वित किया। यह चैंपियनशिप संगम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, भीलवाड़ा (राजस्थान) में आयोजित हुई, जिसमें वेस्ट ज़ोन के विभिन्न राज्यों की टीमें शामिल हुईं।

टीम कोच किशनदान ने बताया कि प्रतियोगिता में नोज़गे पब्लिक स्कूल की अंडर 4 गर्ल्स टीम, जिसमें रशनप्रीत कौर (कक्षा 6 डब्ल्यू), गुर्लीन ढिल्लों (कक्षा 7 एस) और यूवरीव कौर (कक्षा 8 यू) शामिल थीं, ने उत्कृष्ट निशानेबाजी और टीम तालमेल का प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

इसी प्रकार अंडर 19 गर्ल्स कैटेगरी में वंशिका मेव (कक्षा 12 एच), हिया (कक्षा 12 एस) और हिमांशी (कक्षा 12 एच) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीतकर नोज़गे पब्लिक स्कूल की उपलब्धियों में एक और सुनहरा अध्याय जोड़ा।

अंडर 19 बॉयज कैटेगरी में नोज़गे पब्लिक स्कूल ने गोल्ड मेडल जीतकर चैंपियनशिप में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया, जिसमें दिवांश पेन्सिया (कक्षा 11 जी), रजत चौधरी (कक्षा 12 एच) और शौर्यवीर तरार (कक्षा 11 पी) ने असाधारण प्रदर्शन किया और अपनी लगातार एक्यूरेसी व आत्मविश्वास से निर्णायक बढ़त हासिल की।

वहीं अंडर14 बॉयज कैटेगरी में नोज़गे पब्लिक स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल अर्जित किया, जिसमें अभिनव सिंह (कक्षा 7 एन), तनिष खुराना (कक्षा 8 यू) और दिव्यांशु सोनी (कक्षा 8 एस) ने बेहतरीन समन्वय और लक्ष्यबद्ध निशानेबाजी करते हुए टीम को पदक दिलाया।

विद्यालय प्रबंधन और प्रिंसिपल ने सभी विजेता खिलाड़ियों और कोच को बधाई देते हुए कहा कि नोज़गे पब्लिक स्कूल शिक्षा के साथ-साथ खेलों के क्षेत्र में भी लगातार शानदार उपलब्धियां हासिल कर रहा है और विद्यार्थियों की प्रतिभा व अनुशासन ही इसकी सबसे बड़ी ताकत है।

खिलाड़ियों ने आगामी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी बेहतर प्रदर्शन कर स्कूल और जिले का नाम रोशन करने का संकल्प व्यक्त किया।

## जिला राइफल शूटिंग में भी जीते 7 पदक

नोज़गे पब्लिक स्कूल के शूटरों ने 69 वीं जिला राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 7 पदक अपने नाम किए। यह प्रतियोगिता राजकीय माध्यमिक विद्यालय रंग महल, सूरतगढ़ में 14 से 17 नवंबर तक आयोजित हुई, जिसमें श्रीगंगानगर जिले के सभी स्कूलों ने भाग लिया। नोज़गे पब्लिक स्कूल के छात्रों ने बेहतरीन निशानेबाजी का प्रदर्शन करते हुए अंडर 19 बॉयज कैटेगरी में रजत चौधरी कक्षा 12 एच ने सिल्वर मेडल, दिव्यांश पेशियां कक्षा 11 जी ने गोल्ड मेडल और गौतम भार्गव कक्षा 10 डब्ल्यू ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया।

अंडर19 गर्ल्स कैटेगरी में हिया कक्षा 12 एस ने गोल्ड मेडल, हिमांशी कक्षा 12 एच ने सिल्वर मेडल और वंशिका मेव कक्षा 12 एच ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर स्कूल व जिले का नाम गौरवान्वित किया। अंडर 17 बॉयज कैटेगरी में भावेश चराया कक्षा 9 पी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। अंडर 17 गर्ल्स में गुरसिरत कौर ने सिल्वर मैडल हासिल किया।

# अवलीन कौर सोढ़ी ने कीर्तन प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक

**श्रीगंगानगर।** नोज़गे पब्लिक स्कूल की प्रतिभाशाली छात्रा अवलीन कौर सोढ़ी (कक्षा 11वीं) ने गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार में आयोजित कीर्तन प्रतियोगिता में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर स्वर्ण पदक हासिल कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस प्रतियोगिता में 70 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। अवलीन ने अपनी श्रेणी में पहला स्थान प्राप्त करते हुए तीन चरणों में बेहतरीन प्रस्तुति दी। उन्होंने क्रमशः राग यमन, राग बागेश्री और राग धनाश्री प्रस्तुत किए, जिनकी प्रभावशाली संगति और मधुर गायन शैली ने निर्णायक मंडल को अत्यंत प्रभावित किया। श्री तेजपाल सिंह सोढ़ी एवं श्रीमती परविंदर कौर सोढ़ी की सुपुत्री अवलीन कौर सोढ़ी हैं। विद्यालय के चेयरमैन सर एवं प्रबंधन ने अवलीन की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय ने प्रबंध निदेशक डॉ. पीएस सूदन ने कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली विद्यार्थी नोज़गे पब्लिक स्कूल का गौरव बढ़ाते हैं तथा अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनते हैं।



# नोज़गे पब्लिक स्कूल के अंकुर चावला और सीरत मक्कड़ ने सीए फाउंडेशन परीक्षा उत्तीर्ण की

**श्रीगंगानगर।** नोज़गे पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए अकादमिक उत्कृष्टता की एक और बड़ी मिसाल पेश की है। स्कूल के दो होनहार विद्यार्थियों, अंकुर चावला और सीरत मक्कड़ ने देश की सबसे कठिन और प्रतिष्ठित पेशेवर परीक्षाओं में से एक, चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) फाउंडेशन परीक्षा को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर लिया है। यह उपलब्धि न केवल इन छात्रों की व्यक्तिगत प्रतिभा और कड़ी मेहनत का प्रमाण है, बल्कि यह नोज़गे पब्लिक स्कूल द्वारा प्रदान किए जा रहे करियर-उन्मुख मार्गदर्शन और उच्च-गुणवत्ता वाली शिक्षा को भी रेखांकित करती है।





## विद्यालय प्रबंधन ने दी बधाई

इस महत्वपूर्ण सफलता पर नोज़गे पब्लिक स्कूल परिवार में हर्ष और उत्साह का माहौल है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. पीएस सूदन, डायरेक्टर जनरल सुरेन सूदन एवं प्राचार्या सहित पूरे स्टाफ ने अंकुर और सीरत को हार्दिक बधाई दी। प्रबंध निदेशक डॉ. सूदन ने दोनों विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा, नोज़गे पब्लिक स्कूल हमेशा से ही छात्रों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर उन्हें भविष्य के पेशेवर चुनौतियों के लिए तैयार करने में विश्वास रखता है। अंकुर और सीरत की यह सफलता हमारे शिक्षकों के अथक प्रयासों और हमारे करियर काउंसलिंग कार्यक्रम की प्रभावशीलता का सीधा प्रमाण है। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं और आशा करते हैं कि वे आने वाले वर्षों में देश के शीर्ष चार्टर्ड अकाउंटेंट बनकर विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

प्राचार्या ने कहा कि नोज़गे पब्लिक स्कूल का उद्देश्य सिर्फ अकादमिक उत्कृष्टता प्राप्त करना नहीं है, बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी को उसकी रुचि और क्षमता के अनुसार करियर उन्मुख मार्गदर्शन प्रदान करना है। अंकुर और सीरत की सफलता हमारे समर्पित शिक्षकों और विद्यार्थियों के दृढ़ संकल्प का संयुक्त परिणाम है। यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी एक बड़ी प्रेरणा है कि वे भी दृढ़ संकल्प और सतत प्रयासों से अपने जीवन के सबसे बड़े लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं।

## कक्षा 12 के साथ हासिल की बड़ी सफलता

अंकुर चावला और सीरत मक्कड़ दोनों ही विद्यार्थी नोज़गे पब्लिक स्कूल की कक्षा 12-जी (सत्र 2024-25) के छात्र थे। सबसे खास बात यह है कि उन्होंने कक्षा बारहवीं की पढ़ाई के साथ-साथ इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा की तैयारी की और इसे प्रथम प्रयास में ही उत्तीर्ण किया। यह उपलब्धि उनकी असाधारण समय प्रबंधन कौशल, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति गहरी लगन को दर्शाती है। सीए फाउंडेशन परीक्षा को भारत में कॉमर्स और फाइनेंस के क्षेत्र में प्रवेश का द्वार माना जाता है, और इसे पास करने के लिए छात्रों को गहन अध्ययन और विषयों की मजबूत समझ की आवश्यकता होती है। दोनों विद्यार्थियों ने अपनी इस उत्कृष्ट सफलता का श्रेय स्कूल के समर्पित शिक्षकों, उनके मार्गदर्शन और अभिभावकों के निरंतर सहयोग को दिया है।

# राष्ट्रीय टेबल टेनिस में चमके नोज़गे के खिलाड़ी

**श्रीगंगानगर।** नोज़गे पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर खेल के क्षेत्र में उत्कृष्टता का परचम लहराया है। पंचकुला में 9 से 16 नवंबर तक आयोजित राष्ट्रीय स्तर की टेबल टेनिस प्रतियोगिता में नोज़गे के पाँच खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी को प्रभावित किया। भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) के अधिकृत केंद्र के रूप में स्थापित नोज़गे पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर साबित किया कि यह विद्यालय न केवल शिक्षा में बल्कि खेलों में भी अग्रणी है।

नोज़गे पब्लिक स्कूल के SAI केंद्र में प्रशिक्षित इन खिलाड़ी-छात्रों का चयन टेबल टेनिस फेडरेशन द्वारा किया गया। भारतीय खेल प्राधिकरण के कोच मनोज कुमार शर्मा ने जानकारी दी कि इस प्रतियोगिता में अंडर-13 और अंडर-15 आयु वर्ग में समृद्धि कल्ला, अंडर-15 में गुरूअंश ग्रोवर और दक्ष सिंह शेखावत, अंडर-17 में रिमांशु, तथा अंडर-19 वर्ग में प्रतीक ने हिस्सा लिया।

इन खिलाड़ी छात्राओं ने न केवल अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि खेल के प्रति अपने समर्पण और मेहनत को भी दिखाया। सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने मैचों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिया और विरोधी टीमों को कड़ी टक्कर दी। इससे पहले भी नोज़गे पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी राज्य और राष्ट्रीय स्तर की टेबल टेनिस प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुके हैं। विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. पी.एस. सूदन, डायरेक्टर जनरल श्रीमती सुरेन सूदन, प्राचार्या और खेल अधिकारियों ने इन पाँचों विद्यार्थियों को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह न केवल विद्यालय के लिए, बल्कि पूरे श्रीगंगानगर जिले के लिए गर्व का विषय है। हमारा प्रयास है कि हम खेल के प्रति रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करें और उन्हें उच्च स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए प्रेरित करें, डॉ. सूदन ने कहा।

नोज़गे पब्लिक स्कूल भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) का अधिकृत केंद्र है, जहाँ खेलो इंडिया कार्यक्रम से जुड़े हुए खिलाड़ी भी प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आधारित खेल सुविधाओं का निर्माण किया गया है। स्कूल परिसर में विशाल इनडोर स्टेडियम, अत्याधुनिक उपकरण और योग्य प्रशिक्षक खिलाड़ियों को नियमित प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। शाम के समय विशेष रूप से टेबल टेनिस और अन्य खेलों के अभ्यास के लिए समय निर्धारित किया गया है। साथ ही, विद्यार्थियों की क्षमता को निखारने के लिए समय-समय पर आंतरिक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाती हैं।

कोच मनोज कुमार शर्मा का कहना है कि यह सफलता वर्षों के निरंतर अभ्यास और विद्यालय प्रबंधन के सहयोग का परिणाम है। ये बच्चे मेहनती हैं और खेल के प्रति समर्पित हैं। हम उन्हें हर संभव सुविधा और मार्गदर्शन प्रदान करते हैं, ताकि वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें, उन्होंने कहा।

नोज़गे पब्लिक स्कूल द्वारा खेल और शिक्षा को एक साथ बढ़ावा देने की यह पहल न केवल विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक है, बल्कि उन्हें अनुशासन, धैर्य और टीम वर्क जैसी महत्वपूर्ण जीवन कौशलों से भी संपन्न करती है। विद्यालय की खेल नीति और इंफ्रास्ट्रक्चर जिले के अन्य स्कूलों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने हैं।

राष्ट्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में नोज़गे के खिलाड़ियों का यह दमदार प्रदर्शन विद्यालय द्वारा संचालित खेल प्रणाली की सफलता का एक और प्रमाण है। विद्यालय प्रबंधन ने आशा व्यक्त की है कि भविष्य में भी उनके खिलाड़ी इस तरह की उपलब्धियों से विद्यालय का नाम रोशन करते रहेंगे।

Printed by Nymphaea Suden Reddy and Published By Nymphaea Suden Reddy on behalf of Nosegay Public School and Printed at Pareek Computer Printers, Power House Road, Sri Ganganagar, Rajasthan and Published at Nosegay Public School, Hanumangarh Road, Sriganganagar State Rajasthan. Editor : Dr. Papinder Singh Suden